शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




सोमवार 16 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 291 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

# दुनिया का सबसे बड़ा AI इवेंट दिल्ली में

## 300 से ज्यादा कंपनियां दिखाएंगी एडवांस गैजेट्स; खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा



नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**भारत** में आज यानी 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन शाम 5 बजे करेंगे।

ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे।

यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।

### समिट में क्या बोले एक्सपर्ट

इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी: एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं।

सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन: एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है।

**एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर:** एआई का असर 50% नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50% नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

**सीआईआई नेशनल एआई फोरम के को-चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा:** एआई तेजी से दुनिया को बदल रहा है और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है। हेल्थकेयर और खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक, एआई हर काम को आसान बना रहा है। एआई नौकरियां छीनने के बजाय नए रोल पैदा करेगा, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देगा और भविष्य के वर्कफोर्स को तैयार करेगा।

**माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रेसिडेंट पुनीत चंडोक:** एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा, बल्कि उनके काम करने के तरीके को बदल देगा। एआई किसी भी काम को छोटे-छोटे हिस्सों (टास्क) में बांट देगा जिससे काम करना आसान होगा। आपकी नौकरी कई सारे कामों का एक बंडल है।

### पीएम मोदी बोले- दुनियाभर से आए लोगों का स्वागत



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि आज से दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया 'एआई इम्पैक्ट समिट' शुरू हो रही है। मैं इस समिट में हिस्सा लेने आए दुनिया भर के नेताओं, बड़े बिजनेसमैन, इनोवेटर्स, पॉलिसी बनाने वालों, रिसर्चर्स और टेक्नोलॉजी के जानकारों का दिल से स्वागत करता हूं। इस समिट की थीम 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबका भला और सबकी खुशी' है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है।

### आम लोगों के लिए समिट में ये 5 चीजें होंगी खास

- **एआई इम्पैक्ट एक्सपो:** 70,000 वर्ग मीटर से ज्यादा बड़े एरिया में एक मेगा प्रदर्शनी लगेगी। इसमें 30 से ज्यादा देशों की 300+ कंपनियां अपने एआई गैजेट्स और तकनीक दिखाएंगी। आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है।
- **एजुकेशन और स्किलिंग:** छात्रों और युवाओं के लिए 'वाययूवीएआई' और 'एआई फॉल ऑल' जैसे प्रोग्राम होंगे। इसके जरिए लोग यह सीख सकेंगे कि एआई टूल्स का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए कैसे किया जाए।
- **रोजमर्रा की समस्याओं पर फोकस:** एक्सपो में ऐसे एआई मॉडल्स का डेमो होगा जो खेती में फसल की बीमारी पहचानने, अस्पतालों में बेहतर इलाज करने और भाषा अनुवाद को आसान बनाने में मदद करते हैं।
- **स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात:** देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी।
- **एक्सपीरिएंस जोन:** समिट में कई 'थीमैटिक पैवेलियन' बनाए गए हैं। यहां लोग खुद एआई पावर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

# राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले

## मैनेजर हिरासत में, अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे



भिवाड़ी | एजेंसी
rashtrabaan.in

**राजस्थान** के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। तीन मृतकों की पहचान बिहार के मोतिहारी जिले के मिंटू, नितेश और सुजान के रूप में हुई है।

इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा- देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था।

### मैनेजर को पुलिस ने थाने बुलाकर हिरासत में लिया

पुलिस सुबह से फैक्ट्री मालिक और मैनेजर से संपर्क करने की कोशिश कर रही थी। काफी कोशिश के बाद फैक्ट्री के मैनेजर अभिनंदन से फोन पर बात हो पाई। अब पुलिस ने उसे थाने बुलाने के बाद हिरासत में ले लिया है। पुलिस फैक्ट्री मैनेजर से पूछताछ कर रही है।

### परिजनों से मिलने पहुंचे मंत्री-विधायक

मंत्री संजय शर्मा और तिजारा विधायक बालकनाथ ने मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचे, लेकिन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्हें किसी की सुध नहीं है। ऐसे में वे न तो नेताओं से मिल पाने की स्थिति में है, न ही कुछ बोलने की।

### गैरकानूनी तरीके से बनाए जा रहे थे पटाखे: मंत्री

मंत्री संजय शर्मा ने कहा-यह गारमेंट जोन है, यहां दूसरा व्यवसाय नहीं हो सकता, लेकिन गैरकानूनी तरीके से पटाखे बनाने का काम गेट पर ताले लगाकर किया जा रहा था। मृतकों की पहचान डीएनए से कराई जा रही है। अधिकतर मजदूर बिहार के बताए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कठुआ में जैश के 5 आतंकी एक्टिव, एलओसी से भारत में घुसे

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच आतंकवादियों की तस्वीरें जारी की हैं। सूत्रों ने दैनिक भास्कर को बताया कि ये सभी आतंकी हाल ही में कठुआ जिले में घुसपैठ कर चुके हैं। ये आतंकी एलओसी पार करके सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय हैं। सुरक्षाबलों ने लोगों से सतर्क रहने और आतंकियों को कहीं भी देखने पर तुरंत सूचाना देने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने इस्तीफा वापस लिया

**दिसपुर।** असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने इस्तीफा वापस ले लिया है। पीटीआई न्यूज के मुताबिक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राज्य प्रभारी जितेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हाईकमान ने बोरा को इस्तीफा ना देने के लिए मनाया। पहले खबर आई थी कि बोरा के साथ दो मुस्लिम विधायकों ने कांग्रेस से अलग होने का फैसला लिया था।

### सोलापुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से 3 युवकों की मौत

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में आज सुबह करीब 4 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में 3 युवकों की मौत हुई है। इनमें नागेश गवंडी, रोहन पोरे और बसवराज चनशेट्टी शामिल हैं। पुलिस ने कहा है कि सीसीटीवी के जरिए वाहन की पहचान की जा रही है।

### आंध्र प्रदेश सीएम और बिल गेट्स की मुलाकात हुई

**अमरावती।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और गेट्स फाउंडेशन के चेयरमैन बिल गेट्स और आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू से अमरावती में मुलाकात हुई। दोनों के बीच स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और तकनीक को मजबूत करने पर चर्चा की गई। सीएम नायडू ने X पोस्ट में लिखा- वेलकम बैक मिस्टर बिल गेट्स, आंध्र प्रदेश में आपका स्वागत है।

राष्ट्रबाण
अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए
सिर्फ 100 रुपए महीना
संपर्क : 7000427433

# सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज :कहा- आपने कोई नेकी नहीं की

## मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी का दावा- 25 साल की सजा पूरी हुई

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टाडा (टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत दोषी ठहराया गया है।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा- बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इनकार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

### मुंबई सीरियल ब्लास्ट में 257 लोगों की मौत हुई थी



महाराष्ट्र के मुंबई (तब बॉम्बे) में 12 मार्च 1993 को एक के बाद एक, 12 बम धमाके हुए थे। एक ही दिन में हुए इन हमलों में 257 लोगों की मौत हुई और 1,400 लोग घायल हुए। जून 2017 में एक विशेष टाडा अदालत ने अबू सलेम और पांच अन्य को 1993 ब्लास्ट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का दोषी ठहराया था। अबू सलेम को आईपीसी की धाराएं 120बी, 302, 307, 326, 427, 435, 436, 201 और 212 के तहत दोषी ठहराया गया। इसके अलावा टाडा के कई प्रावधानों के तहत भी उसे दोषी माना गया। सलेम ने धमाकों में इस्तेमाल हुए हथियार और गोला-बारूद की ढुलाई और सप्लाई की थी।

# गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

## ईमेल में लिखा- बस को उड़ा देंगे, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए।

बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है। वडोदरा पुलिस कमिश्नर नरसिम्हा कुमार ने बताया कि टीचर्स और स्टूडेंट को स्कूलों से घर भेज दिया गया है। 9 स्कूलों पर जांच पूरी हो चुकी है, बाकी जगह जारी है। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर के डोडा में एवलांच :हिमाचल, उत्तराखंड में बर्फबारी के आसार

## मध्यप्रदेश-राजस्थान, पंजाब में बारिश की संभावना



नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

देश के हिमालयी इलाकों में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। आज से दो दिन हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब-चंडीगढ़ में 17-18 फरवरी को बारिश हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार शाम 5 बजे भद्रवाह-पठानकोट इंटर-स्टेट रोड पर एवलांच हुआ। यह थांथेरा और गुलदांडा के बीच था। यहां 40 से ज्यादा टूरिस्ट वाहन फंस गए थे, जिन्हें एक-एक कर निकाला गया। उत्तराखंड में गुंजी-आदि कैलाश मोटर मार्ग पर जमीं 10 फीट बर्फ को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने हटाया। यहां तापमान -18डिग्री है। राज्य में कल से 5 जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

मप्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते 18-19 फरवरी के बीच बारिश हो सकती है। रविवार को खंडवा-खरगोन में दिन का तापमान 34डिग्री के पार रहा। 16 जिलों 30डिग्री से ज्यादा रहा। राजस्थान में रविवार को बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलोदी समेत 13 जिलों में अधिकतम तापमान 30डिग्री से ज्यादा रहा। बाड़मेर में सबसे ज्यादा 35डिग्री रहा।

**अगले 2 दिन मौसम का हाल:** 17-18 फरवरी: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी की संभावना। वहीं राजस्थान, एमपी समेत पंजाब चंडीगढ़ में बारिश के आसार हैं।

# अमेरिकी राजदूत इंडियन आर्मी के कमांड ऑफिस जाएंगे :यूबीटी सांसद ने सवाल उठाए

## लिखा- भारत के फैसले अमेरिका से प्रभावित होते हैं, ये उसका उदाहरण



नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**भारत** में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के इंडियन आर्मी के कमांड ऑफिस जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल सर्जियो ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वह चंडीगढ़ पहुंचे हैं और इंडियन आर्मी के वेस्टर्न कमांड का दौरा करेंगे।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अमेरिका की भारत में बढ़ती दखलअंदाजी पर सवाल उठाए। उन्होंने X पर लिखा कि अब भारत के राष्ट्रीय रणनीतिक हित काफी हद तक इस बात से जुड़े दिख रहे हैं कि अमेरिका भारत से क्या चाहता है। इसलिए यह दौरा भी उसी से जुड़ता दिख रहा है।

इतिहास याद रखेगा कि भारत-पाक तनाव कम होने की घोषणा भारतीयों को पहले अपनी सरकार से नहीं, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति के सोशल मीडिया से पता चली। अमेरिकी राजदूत तो अपने देश के हित के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन हमारे हित के लिए कौन काम कर रहा है? इस सवाल का जवाब साफ नहीं है।

### भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर लगातार सवाल उठ रहे...

2 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील की घोषणा की थी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 50% से घटाकर 18% कर दिया है।

### स्टालिन इंडिया ब्लॉक को संभाल सकते हैं; पवन खेड़ा को जयराम रमेश का तोता बताया

# मणिशंकर अय्यर बोले- थरूर विदेश मंत्री बनना चाहते हैं

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**कांग्रेस** नेता मणिशंकर अय्यर ने सोमवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

अय्यर ने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर एंटी-पाकिस्तान हैं। वे अगले विदेश मंत्री बनना चाहते हैं। अय्यर ने पवन खेड़ा को प्रवक्ता की जगह 'तोता' बताया। उन्होंने कहा- पवन खेड़ा वही दोहराते हैं, जो जयराम रमेश उन्हें बताते हैं।



इसके बाद पनव खेड़ा ने एक्स पर लिखा- मणिशंकर अय्यर का पिछले कुछ सालों से कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। वे अपनी व्यक्तिगत क्षमता से बोलते और लिखते हैं।

### अय्यर के बयान के 2 बड़ी बातें...

पवन खेड़ा पिछले दो साल से मुझ पर आरोप लगा रहे हैं। अगर कांग्रेस पार्टी को अपने प्रवक्ता के लिए पवन खेड़ा के अलावा कोई नहीं मिलता, तो पार्टी की हालत वैसी ही रहेगी जैसी आज है।वहीं, जयराम रमेश को सिर्फ अपनी नौकरी बचानी है।

क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक पार्टी की क्या स्थिति होगी, जो केसी वेणुगोपाल जैसे राउडी को राहुल गांधी के लिए सरदार पटेल के स्तर तक उठा दे?

### अय्यर बोले- केरल में कांग्रेस नहीं जीतेगी

केरल विधानसभा चुनाव को लेकर अय्यर ने कहा- मैं चाहता हूं कि कांग्रेस जीते, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह जीतेगी। कांग्रेस नेता आपस में बंटे हुए हैं। वे कम्युनिस्टों से ज्यादा एक-दूसरे से नफरत करते हैं।

उन्होंने पहले भी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की तारीफ की थी और कहा था कि पिनराई सरकार की उपलब्धियों के बाद वाम सरकार की वापसी संभव है।

### 'इंडिया ब्लॉक के लिए स्टालिन सबसे बेहतर'

अय्यर ने एजेंसी से बातचीत में कहा कि अगर इंडिया ब्लॉक को मजबूत करना है, तो एमके स्टालिन सबसे बेहतर व्यक्ति हैं। राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री बन सकते हैं, बशर्ते कोई ऐसा हो जो अपना पूरा समय इंडिया ब्लॉक को मजबूत करने और उसे एकजुट रखने में लगाए।

# सब्जी मंडी में अव्यवस्था से बढ़ी परेशानी

## जाम और अतिक्रमण से रोज जूझ रहे शहरवासी

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर की प्रमुख सब्जी मंडी में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रोजाना खरीदारी के लिए पहुंचने वाले लोगों को जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और सड़कों पर लगे ठेलों के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि सुबह और शाम के समय मंडी क्षेत्र से गुजरना चुनौती बन गया है।

### सड़क पर ठेले, संकरा हुआ रास्ता

मंडी के मुख्य मार्गों पर सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क तक ठेले फैलाने से आवागमन बाधित हो रहा है। दोपहिया वाहन चालकों को निकलने में दिक्कत हो रही है, वहीं पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बचती। व्यापारियों का कहना है कि अव्यवस्था के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।





### नो पार्किंग में खड़े वाहन, बढ़ रहा जाम

मंडी क्षेत्र में नो पार्किंग नियमों की अनदेखी आम बात हो गई है। ऑटो और मालवाहक वाहन सड़कों पर ही खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम लग जाता है। व्यस्त समय में स्थिति और गंभीर हो जाती है कई बार आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

### यातायात अमले की सुस्ती पर सवाल

स्थानीय लोगो का कहना है कि यातायात पुलिस की नियमित निगरानी नहीं होने से समस्या लगातार बढ़ रही है। शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

### प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग

शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने और नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

# दुर्गा मंदिर की पार्किंग भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

## सेवा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

शहर के विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर के सामने स्थित नजूल भूमि पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। मंदिर की सेवा समिति ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि श्रद्धालुओं की पार्किंग के लिए सुरक्षित की गई भूमि पर बाउंड्रीवाल तोड़कर दुकानों का निर्माण कर लिया गया है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए थी पार्किंग व्यवस्था

समिति ने शिकायत कर बताया कि मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। विशेष अवसरों और त्योहारों पर यहां भारी भीड़ रहती है, जिससे वाहनों की पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाती है। इस समस्या को देखते हुए पूर्व कलेक्टर डॉ. सतेंद्र सिंह द्वारा मंदिर के सामने की रिक्त नजूल भूमि को सार्वजनिक पार्किंग के रूप में स्वीकृत किया गया था। नगर पालिका परिषद द्वारा वहां बाउंड्रीवाल भी निर्मित कराई गई थी ताकि पार्किंग व्यवस्था व्यवस्थित रहे।

### बाउंड्रीवाल तोड़कर बनाई गईं दुकानें

सेवा समिति का आरोप है कि कुछ लोगों ने बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया और वहां तीन पक्की दुकानों का निर्माण कर शटर लगा दिए। समिति का दावा है कि इन दुकानों को ऊंची कीमत पर बेचने की तैयारी की जा रही है। यदि दुकानों के शटर पार्किंग स्थल की ओर खुलेंगे तो श्रद्धालुओं को वाहन खड़ा करने में कठिनाई होगी और विवाद की स्थिति बन सकती है।

### प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग

समिति ने कलेक्टर से अवैध निर्माण हटवाकर पूर्ववत बाउंड्रीवाल का पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन में स्पष्ट कहा गया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो भक्तजन कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे।

# सीएम हेल्पलाइन और समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक

## 100 दिन से लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश



शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की स्थिति पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिकता न होकर संतोषजनक और प्रभावी होना चाहिए।

### नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराए जाएं, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

### कोई शिकायत न रहे अनअटेंडेड

सीईओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे। इसके लिए मैदानी अमले को भी जिम्मेदारी सौंपी जाए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया ।बबैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा, गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## लापरवाह कमर्शियल चालकों के लाइसेंस निरस्तीकरण के निर्देश, हेलमेट अनिवार्य करने पर जोर

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाहीपूर्वक कमर्शियल वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने तथा बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएं। परिवहन एवं पुलिस विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।




### दोपहिया विक्रेताओं को हेलमेट देना होगा अनिवार्य

दोपहिया दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने सभी टू-व्हीलर डीलरों को वाहन विक्रय के समय क्रेता को अनिवार्य रूप से हेलमेट उपलब्ध कराने और बिना हेलमेट वाहन सुपुर्द न करने के निर्देश दिए। साथ ही गोल्डन ऑवर में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को राहवीर योजना के तहत 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार हेतु प्रस्ताव भेजने और घायलों को कैशलेस उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### ब्लैक स्पॉट सुधार और हाई रिस्क जोन पर विशेष निगरानी

पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार कार्य, प्रमुख चौराहों पर संकेतक बोर्ड एवं स्पीड ब्रेकर लगाने, रात्रि में रिफ्लेक्टर व रोड मार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने उच्च घनत्व वाले मार्गों, क्रिटिकल जंक्शन और हाई रिस्क जोन में संयुक्त दल द्वारा नियमित भ्रमण कर दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय करने को कहा। ब्यौहारी, जयसिंहनगर, खन्नौधी, गोहपारू, शहडोल एवं बुढ़ार जैसे नगरों से गुजरने वाले मार्गों पर यातायात दबाव को देखते हुए जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के निर्देश भी दिए गए।

### गांधी चौक का होगा स्क्वायर के रूप में विकास

यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि जिले में गंभीर दुर्घटनाओं वाले स्थलों को चिन्हित कर आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। बैठक में नगर के गांधी चौक को स्क्वायर चौराहे के रूप में विकसित कर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया।

### सामूहिक जिम्मेदारी से ही घटेंगी दुर्घटनाएं


कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आमजन सीट बेल्ट और हेलमेट का नियमित उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सुरक्षित वाहन संचालन को आदत बनाकर ही सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।

**यह रहे उपस्थित :** बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, परिवहन अधिकारी अनपा खान, केएस इनवाती, ईई पीडब्ल्यूडी, नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी तथा अन्य विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्राप्त हुए आवेदनों का किया गया निराकरण

**शहडोल।** पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं उन योजनाओं में जिनके लक्ष्य निर्धारित हैं, लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया गया है। अभियान का प्रथम चरण में 12 जनवरी से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में दल गठित कर जन सामान्य से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक जिले में 18899 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17797 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया हैं, निराकरण का प्रतिशत 94.17 है। जनपद पंचायत ब्यौहारी में 2108 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2052 आवेदनों का निराकरण किया गया।, जनपद पंचायत सोहागपुर में 2751 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2530 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत गोहपारू में 1608 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 1238 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत बुढ़ार में 2903 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 2685 आवेदनों का निराकरण किया गया।

# अमलाई पुलिस की कार्रवाई, अवैध रेत परिवहन में पकड़े दो डंपर



शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में अवैध रेत खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई कर रही अमलाई पुलिस ने दो डंपर वाहन पकड़े। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि चाका कोयलहरी घाट नदी में अवैध रूप से रेत खनन कर डंपरों में लोड कर परिवहन किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देख डंपर चालक भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने स्थानीय वाहन चालकों और साथियों की मदद से घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। मौके से दो डंपर वाहन एमपी 18 जीए 5033 और एमपी 18 जीए 5101 को अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए जब्त किए गए। पकड़े गए डंपरों की अनुमानित कीमत लगभग सात लाख रुपये प्रत्येक है, जिससे कुल मूल्य 14 लाख रुपये आंकी गई है।दोनों वाहनों के चालक में अंजनी उपाध्याय पिता दादरूाम उपाध्याय उम्र 32 वर्ष निवासी विक्रमपुर का वाहन बृजेश यादव द्वारा चलाया जा रहा था और मिहपाल सिंह पिता नयन सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नेमूहा का वाहन रामदयाल साहू उर्फ मुना साहू द्वारा चलाया जा रहा था। दोनों डंपरों को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया। अमलाई पुलिस ने बीएनएस और खनिज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भूपेंद्रमणी पांडेय के नेतृत्व में एएसआई शिवनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक गणेश पांडेय, आरक्षक तीरथ सिंह, सनत गौतम और मिखायल परस्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शहडोल सहित कई जिलों से आरोपी गिरफ्तार, जिंदा पेंगोलिन और तेंदुए की खाल बरामद

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पेंगोलिन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

वन विभाग ने वन्यप्राणी पेंगोलिन के अवैध व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजिला तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल महेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा दक्षिण शहडोल वनमंडलाधिकारी श्रद्धा पन्द्रे और उप वनमंडलाधिकारी (प्रशिक्षु) विनोद जाखड़ के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।



### 10 जिलों से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी

27 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए शहडोल से 4, उमरिया से 1, अनूपपुर से 2, डिंडौरी से 2 तथा जबलपुर से 1 आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध वन परिक्षेत्र जैतपुर में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20456/11 दर्ज कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।बजांच के दौरान 19 जनवरी को जिला सिवनी के देवघटा क्षेत्र से दो व्यक्तियों को तेंदुए की खाल के साथ पकड़ा गया। वहीं 10 फरवरी को दमोह जिले से एक आरोपी को जिंदा पेंगोलिन के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी दिन कटनी जिले से पांच अन्य आरोपियों को भी जिंदा पेंगोलिन के साथ दबोचा गया।

### सिहोरा में घेराबंदी कर पकड़े गए चार आरोपी

मुखबिर की सूचना पर वनमंडल दक्षिण शहडोल की टीम ने जबलपुर जिले के सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्रे मार्ग रेलवे अंडरब्रिज के पास दबिश दी। यहां खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ और वाहन तलाशी के दौरान एक बैग से जिंदा पेंगोलिन बरामद किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में पेंगोलिन को विक्रय के उद्देश्य से लाना स्वीकार किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर शहडोल लाया गया और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### टीम की सराहनीय भूमिका

पूरे प्रकरण में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जा रही है। मामले की विवेचना प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतपुर जसवंत सिंह मीणा (प्रशिक्षु) द्वारा की जा रही है। कार्रवाई में वन विभाग के विभिन्न परिक्षेत्रों के अधिकारियों और वनरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीवों के अवैध शिकार और तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# संकल्प से समाधान अभियान का आज से दूसरा चरण प्रारंभ

## क्लस्टर स्तर पर आयोजित किए जाएंगे समाधान शिविर

शहडोल| संवाददाता
rashtrabaan.in

सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया कि शासन द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित 106 योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर संपर्क कर शिकायतें प्राप्त की गई तथा उनका निराकरण भी स्थानीय निकायों एवं विभागों द्वारा किया गया है। संकल्प से समाधान अभियान का दूसरा चरण जिले में आज से प्रारंभ हो रहा है। इस चरण में क्लस्टर स्तर पर शिविर लगाकर शिकायतों का निराकरण किया जाना है। इसके साथ ही जो हितग्राही प्रथम चरण के अभियान में अपनी शिकायतें नहीं दर्ज करा पाए है। उनकी शिकायतें भी दर्ज की जा सकेंगी। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि जिन पंचायतों अथवा नगरीय वार्डों में कम शिकायतें प्राप्त हुई हैं, वहां अभियान की जानकारी देकर शिकायतें प्राप्त की जाएं। प्राप्त शिकायतों का क्लस्टर स्तर पर निराकरण भी किया जाए। जिन शिकायतों का निराकरण इन शिविरों से संभव नहीं होगा उनका निराकरण तीसरे चरण में जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, सुश्री अर्चना मिश्रा, श्रीमती गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 17 फरवरी 2026

# बैतूल राष्ट्रबाण

• मुलताई • बैतूल बाजार • आमला • भैंसादंड • सारणी • बोरदई • आठनेर

## भैंसदेही में प्रेम प्रसंग बना हत्या की वजह

### महाराष्ट्र के युवक को खेत में दफना दिया था; माता-पिता समेत युवती गिरफ्तार

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** जिले के भैंसदेही क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक की हत्या कर शव को खेत में दफना दिया गया। पुलिस ने इस मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक महाराष्ट्र का निवासी था।

भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में 14 फरवरी को पुलिस को एक लावारिस बाइक खड़ी होने की सूचना मिली थी। जांच में पता चला कि यह बाइक महाराष्ट्र निवासी शिवम धुर्वे की है। जब पुलिस ने विसराम साल्वे के घर के सामने खड़ी इस बाइक के बारे में परिजनों से पूछताछ की, तो उनके जवाब संतोषजनक नहीं मिले, जिससे पुलिस को संदेह हुआ।



#### पत्थर और डंडों से पीट-पीटकर मार डाला

ग्रामीणों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस पुराने खेत की ओर पहुंची। वहां पूछताछ के दौरान विसराम साल्वे की पत्नी सोनाय ने स्वीकार किया कि उनकी बेटी सुमित्रा के कहने पर शिवम धुर्वे उनके घर आया था। आपसी विवाद के बाद विसराम, सोनाय और सुमित्रा ने मिलकर शिवम की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने युवक के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद उसे खेत में ले जाकर पत्थर और डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। अगले दिन, हत्या का राज छिपाने के लिए शव को गड्ढा खोदकर खेत में दफना दिया गया।

#### शादी के लिए बना रहा था दबाव

मामला सामने आने पर पुलिस ने खेत में खुदाई कर शव बरामद किया। मृतक की पहचान महाराष्ट्र निवासी शिवम धुर्वे के रूप में हुई। पुलिस ने इस मामले में विसराम साल्वे, उसकी पत्नी सोनाय और बेटी सुमित्रा मौसिक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।
जांच में सामने आया कि मृतक शिवम का सुमित्रा से परिचय था और वह उस पर शादी का दबाव बनाकर परेशान कर रहा था। इससे तंग आकर सुमित्रा ने उसे अपने मायके बुलाया, जहां उसने अपने माता-पिता के साथ मिलकर शिवम की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। यह घटना जिले में प्रेम प्रसंग के चलते एक माह में हुई चौथी हत्या है।

## टॉयलेट क्लीनर का ढक्कन खुलते ही फैली जहरीली गैस

### एक ही परिवार के 3 लोग बेहोश, एक आईसीयू में; मामले को संदिग्ध मान रही पुलिस



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** में टॉयलेट क्लीनर की गैस की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन लोग बेहोश हो गए। बुजुर्ग पिता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है, जबकि मां और बेटे वार्ड में भर्ती हैं।

मामला कोतवाली थाना इलाके के टेमनी गांव में सोमवार का है। स्थानीय निवासी चंदन सुबह अपने घर के टॉयलेट की सफाई कर रहे थे। जैसे ही उन्होंने एसिड युक्त टॉयलेट क्लीनर की बोतल खोलनी चाही, वह तेज दबाव के साथ खुल गई।

इससे एसिड बाहर छलक गया और बाथरूम में जहरीली गैस फैल गई। इसके संपर्क में आते ही चंदन को घबराहट और सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

#### डॉक्टर बोले- तीनों खतरे के बाहर

चंदन की चीख सुनकर उनकी पत्नी कला बाई और बेटा लोकेश बाथरूम तक पहुंचे। वे भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए। तीनों अर्धबेहोशी की हालत में पहुंच गए। परिजन ने तत्काल तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद अब तीनों की हालत सामान्य है। वे खतरे से बाहर हैं। अस्पताल की पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल ने तीनों के बयान ले लिए हैं। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। लोकेश ट्रैक्टर एजेंसी में मैकेनिक है जबकि उसके पिता चंदन खेती करते हैं।

## वकीलों की हड़ताल

### शिवपुरी में एडवोकेट की हत्या के विरोध में नहीं किया काम; कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली, पक्षकार हुए परेशान



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**शिवपुरी** में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या और प्रदेशभर में वकीलों पर हो रहे हमलों के विरोध में सोमवार को बैतूल में अधिवक्ताओं ने प्रतिवाद दिवस मनाया। जिला अदालत में कलमबंद हड़ताल करते हुए वकीलों ने न्यायिक कार्यों से दूरी बनाए रखी। इसके बाद अदालत परिसर से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं, जिससे वकीलों में आक्रोश है। यह ज्ञापन जिला बार अध्यक्ष अशोक वर्मा और सचिव बलदेव कुमार महाजन के नेतृत्व में सौंपा गया।

#### सैकड़ों मामलों की सुनवाई टली

अचानक आई कलमबंद हड़ताल की वजह से जिला अदालत में सोमवार को सैकड़ों मामलों की सुनवाई नहीं हो सकी। पेशी पर आए वादी-प्रतिवादी बैरंग लौटते नजर आए। कई लोगों का कहना था कि ऐसी हड़ताल की सूचना कुछ दिन पहले दी जानी चाहिए थी, ताकि लोगों को अदालत आने की परेशानी न झेलनी पड़े।

#### लगातार हो रहे हमलों से आक्रोश

गौरतलब है कि हाल ही में शिवपुरी के करैरा में अधिवक्ता संजय सरसेना की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। वहीं, इससे पहले डबरा में अधिवक्ता चंद्रभान मीणा की भी हमले में मौत हो चुकी है। इन घटनाओं ने प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जेएच कॉलेज में राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन पिट्ठू प्रतियोगिता शुरू, 12 संभागों की टीमें मैदान में

### पहले दिन पुरुष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल विजेता तय, इंदौर-उज्जैन-रीवा आगे



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जे.एच. कॉलेज में सोमवार 16 फरवरी को राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन महिला एवं पुरुष पिट्ठू प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। 16 से 18 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 संभागों की टीमें भाग ले रही हैं। पहले ही दिन खेले गए मुकाबलों में पुरुष वर्ग में इंदौर, उज्जैन, रीवा, भोपाल और जबलपुर संभाग की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि महिला वर्ग में उज्जैन, रीवा, सागर, इंदौर और जबलपुर की टीमें विजेता बनकर अगले दौर में पहुंचीं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि घनश्याम मदान के मुख्य आतिथ्य तथा भूतपूर्व खिलाड़ी महेंद्र तोमर के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह के पूर्व मध्यप्रदेश के 11 संभागों से आए खिलाड़ियों के दल द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात क्रीडा अधिकारी डॉ. नीलिमा पीटर द्वारा राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन पिट्ठू प्रतियोगिता के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय पारंपरिक खेलों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालयीन खेल गतिविधियों में भारतीय पारंपरिक खेल पिट्ठू को शामिल करना सराहनीय पहल है। इससे भारतीय खेल संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि खिलाड़ियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन पिट्ठू को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं। सामाजिक समरसता और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर डॉ. अनीता तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र कुमार एवं डॉ. पल्लवी दुबे ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पवार ने किया तथा आभार प्रदर्शन अभिनीत सरसोदे ने किया।

#### इन टीमों के बीच हुआ मुकाबला

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन पिट्ठू प्रतियोगिता में प्रदेश भर के सभी 12 संभागों की महिला एवं पुरुषों की टीमें हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग में रीवा बनाम छतरपुर के मुकाबले में रीवा, छिंदवाड़ा बनाम इंदौर के मुकाबले में इंदौर, सागर बनाम उज्जैन के मुकाबले में उज्जैन, भोपाल बनाम शहडोल के मुकाबले में भोपाल और रीवा बनाम जबलपुर के मुकाबले में रीवा संभाग की टीमे क्वार्टर फाइनल विजेता बनी। वहीं महिला वर्ग में उज्जैन विरुद्ध छतरपुर के मुकाबले में उज्जैन, ग्वालियर विरुद्ध रीवा मुकाबले में रीवा, सागर विरुद्ध शहडोल मुकाबले में सागर, इंदौर विरुद्ध रीवा मुकाबले में इंदौर तथा जबलपुर विरुद्ध उज्जैन मुकाबले में जबलपुर के टीमें क्वार्टर फाइनल विजेता बनी जो अगले राउंड रोमांचक मैचों में हिस्सा लेगी।

## बैतूल में यूपी के मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

### गन्ना कटाई के लिए आया था, नशे में पटरी पर लेटा, उसकी दो महीने की बेटी



बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**बैतूल** में स्टेशन के पास पटरी पर यूपी के मजदूर का शव मिला। घटना रविवार शाम को मिलनपुर स्टेशन के पास हुई। मृतक की पहचान रूपेश कुमार कश्यप (28) के रूप में हुई है, जो यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के तिरवड़ का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि रूपेश कुछ दिन पहले ही गन्ना कटाई की मजदूरी करने बैतूल आया था।

पुलिस को आशंका है कि रूपेश शराब के नशे में पटरी के पास लेटा हुआ था, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल के पास से उसका बैग बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि स्टेशन से गुजर रही ट्रेन के चालक ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक को इस घटना की सूचना दी थी।

#### पुलिस मामले की जांच में जुटी

प्रबंधक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आगे मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

**बहन से मिलने जाते वक्त हादसा, उसकी दो महीने की बेटी**

परिजनों ने बताया कि रूपेश दो भाइयों में छोटा था और उसकी दो महीने की एक बेटी है। वह रविवार को अपनी बहन के घर मिलनपुर जाने निकला था, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। रात करीब दस बजे परिजनों को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद सोमवार सुबह वे अस्पताल पहुंचे। परिजन अब शव को मुजफ्फरनगर ले जाने की तैयारी में हैं।

## दि बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की बैठक आज

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in

**दि** बुद्धिष्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला बैतूल की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष सन्दीप पाटिल की अध्यक्षता में आज 17 फरवरी दिन मंगलवार को शाम 6 बजे से पंचशील बुद्ध विहार सदर बैतूल में आयोजित की गई है। सोसायटी के जिला महासचिव कमलेश ऊबनारे ने बताया कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी। जिसमें सोसायटी के द्वारा भविष्य में किये जाने वाले सामाजिक व धम्म के प्रचार प्रसार, शैक्षणिक गतिविधियों से सम्बंधित कार्य सभी विकासखण्डों में सोसायटी के गठन के साथ ही जिला शाखा का विस्तार व महिला विंग का गठन भी किया जाना है। सोसायटी के मार्गदर्शक राजेश भूमरकर, उपाध्यक्ष धर्मदास दवन्डे, कोषाध्यक्ष शिवकिशोर पाटिल व अन्य पदाधिकारियों ने अपील की है कि सभी उपासक उपासिकाये, भगवान बुद्ध व बाबासाहब के अनुयाई इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो।

### लादी-सारणी सड़क आंदोलन में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग

## अल्टीमेटमः नहीं मानी मांग तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

### दर्ज प्रकरणों को बताया भेदभावपूर्ण, ग्रामीणों के समर्थन में उतरी कांग्रेस

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**लादी-सारणी** सड़क की मांग को लेकर विगत दिनों हुए आंदोलन के दौरान दर्ज की गई एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक बैतूल को ज्ञापन सौंपकर प्रकरण वापस लेने की मांग की। दर्ज मामलों को भेदभावपूर्ण और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल के प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आमला मनोज मालवे के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि लादी-सारणी सड़क की मांग को लेकर ग्रामीण शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे थे, इसके बावजूद पुलिस द्वारा उन पर एफआईआर दर्ज की गई। इसी प्रकार ग्राम तिरमहू में ग्राम की समस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर भी मामला दर्ज किया गया, जिसे कांग्रेस ने अन्यायपूर्ण बताया।

ज्ञापन में मांग की गई है कि लादी-सारणी सड़क तथा आवरिया-सारणी सड़क निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और ग्राम तिरमहू के ग्रामीणों की मांगें शीघ्र पूरी की जाएं। कांग्रेस ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि इस अवधि में सभी प्रकरण वापस नहीं लिए गए तो पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, लोकसभा प्रत्याशी रामू टेकाम, नवनीत मालवीय, जिला सेवादल अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, घोड़ाडोंगरी सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष नितिन महतो, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आमला विजेंद्र भावसार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप कोकाटे सहित समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि से पहले 141 लीटर अवैध शराब जब्त :आरोपी गिरफ्तार

### शिवरात्रि सोनाघाटी मेले में बेचने की थी तैयारी

बैतूल | संवाददाता
rashtrabaan.in



**बैतूल** पुलिस ने महाशिवरात्रि पर्व से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए 141 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की है। इसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 21 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि सोना घाटी क्षेत्र के एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब जमा की गई है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। आरोपी के घर से 141.600 लीटर अवैध शराब बरामद की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह शराब महाशिवरात्रि के अवसर पर सोना घाटी मेले में बेचने के लिए लाया था। उसने यह शराब सुक्तवा क्षेत्र से एक कार के जरिए लाकर अपने घर में संग्रहित की थी।

पुलिस ने अवैध शराब के साथ-साथ उसके परिवहन में इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस मामले में अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, मंगलवार 17 फरवरी 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

## सिवनी में किसानों की पुकार, चाय-नाश्ता में मसगुल रहे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते

# किसानों के दुख से अनजान सांसद !

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

फग्गन सिंह कुलस्ते एक बार फिर विवादों में हैं। सिवनी जिले के घँसौर में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान जब किसान खाद संकट और कथित खाद घोटाले की शिकायत लेकर उनके पास पहुँचे, तो सांसद उनकी समस्याएँ सुनने के बजाय मंच पर चाय-नाश्ते में व्यस्त नजर आए। घटना का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र की राजनीति में भूचाल आ गया है और किसानों ने निष्पक्ष जांच की मांग तेज कर दी है। मामला सिवनी जिले के घंसौर क्षेत्र का है, जहाँ 'जी राम जी' कार्यशाला के दौरान बड़ी संख्या में किसान अपनी शिकायतें लेकर पहुँचे थे। किसानों का आरोप है कि घंसौर सोसाइटी में खाद वितरण को लेकर बड़ा घोटाला हुआ है। उनका कहना है कि खाद की भारी कमी दिखाई गई, जबकि रिकॉर्ड में वितरण दर्शा दिया गया। इससे किसानों को न तो समय पर खाद मिली और न ही पारदर्शिता। किसानों ने सीधे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से मिलकर पूरे मामले की जानकारी देने की कोशिश की। लेकिन सांसद ने उनकी बातों को गंभीरता से नहीं सुना। वायरल वीडियो में कथित तौर पर वे कार्यक्रम में चाय और नाश्ते का आनंद लेते नजर आ रहे हैं, जबकि सामने किसान अपनी समस्या रखने की कोशिश कर रहे हैं।

### सोसाइटी प्रशासक पर आरोप, राजनीतिक रंग तेज

किसानों ने घंसौर सोसाइटी के प्रशासक और भाजपा नेता सुभाष यादव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि खाद घोटाले में उनकी भूमिका संदिग्ध है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। किसानों का दावा है कि रिकॉर्ड में हेरफेर कर खाद का वितरण दिखाया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कई किसानों को खाद नहीं मिली। आरोप यह भी है कि शिकायतों को दबाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में जब किसान अपने सांसद के पास उम्मीद लेकर पहुँचे, तो उन्हें संवेदनशील और ठोस जवाब की अपेक्षा थी।



**फग्गनसिंह कुलस्ते, सांसद :** जिम्मेदारी से विमुख, कैसे जाने किसानो का दुख ?

### 'जांच का आश्वासन' या टालमटोल?

किसानों के अनुसार, सांसद ने मामले को गंभीरता से लेने के बजाय सिर्फ जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर बात को आगे बढ़ा दिया। किसानों का कहना है कि यह पहला मौका नहीं है जब खाद संकट को लेकर शिकायतें सामने आई हों, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मीडिया द्वारा सवाल पूछे जाने पर भी सांसद कथित तौर पर सुभाष यादव का बचाव करते नजर आए। इससे किसानों में और नाराजगी फैल गई है। उनका कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि ही आरोपितों के पक्ष में खड़े नजर आएंगे तो उन्हें न्याय कैसे मिलेगा?

### वीडियो वायरल, सांसद के व्यावहार सवाल

इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में सांसद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा तेजी से वायरल हो रहा है और लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता किसानों की समस्याएँ नहीं हैं? स्थानीय स्तर पर किसान निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे है। उनका कहना है कि खाद जैसे बुनियादी कृषि संसाधन में घोटाले की आशंका बेहद गंभीर मामला है और इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। किसानों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, सोसाइटी के रिकॉर्ड की ऑडिट हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि खाद की कमी के कारण फसल पर सीधा असर पड़ता है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। घंसौर क्षेत्र के किसानों का साफ कहना है कि वे राजनीति नहीं, न्याय चाहते हैं।



**दर्द :** किसानो की समस्या नहीं सांसद को चाय प्यारी।

## मारपीट के दो मामले दर्ज, चाकूबाजी पर हत्या के प्रयास का केस




राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

सिवनी शहर में एक ही दिन में सामने आई तीन अलग-अलग आपराधिक घटना सामने आई। नगर पालिका चौक और छिंदवाड़ा चौक क्षेत्र में मारपीट की शिकायतों पर मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि बुधवारी इलाके में चाकूबाजी की गंभीर घटना के बाद पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण कायम किया है। पुलिस से मिली जानकारी के कल महाशिवरात्रि के कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका चौक और छिंदवाड़ा चौक में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आई। दोनों मामलों में विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ, इसकी जांच जारी है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आपसी कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। घटनाओं के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला कायम कर लिया है।

### बुधवारी में चाकूबाजी, हत्या के प्रयास का केस

तीसरी और सबसे गंभीर घटना बुधवारी क्षेत्र में हुई, जहां एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले में घायल युवक की पहचान आनंद विश्वकर्मा पिता पूनमचंद विश्वकर्मा, निवासी आजाद वार्ड के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है। घायल युवक का उपचार जारी है। चाकूबाजी की घटना में नामजद आरोपी नाबालिग है। इस कारण प्रकरण में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी को चिन्हित कर लिया है और आगे की वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है।



दीपक मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी।

## सावधान! सोशल मीडिया का मायाजाल

### दोस्ती की आड़ में नाबालिग की अस्मत से खिलवाड़, आपत्तिजनक वीडियो वायरल

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

डिजिटल दुनिया की चमक-धमक के पीछे छिपे भेड़ियों ने एक और मासूम को अपना शिकार बनाया है। दोस्ती के पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए एक युवक ने नाबालिग छात्रा का भरोसा जीता और फिर जो किया, उसने मानवता को शर्मसार कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पहले नाबालिग से जान-पहचान बढ़ाई और उसे अपनी बातों के जाल में फंसाया। वीडियो कॉलिंग के दौरान आरोपी ने छिपकर पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। दरिंदगी की हद तो तब पार हो गई जब उसने उस निजी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### जनता के लिए चेतावनी

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अंजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपनी निजता का खास ख्याल रखें। अगर आपके साथ या आपके आसपास ऐसा कुछ होता है, तो डरे नहीं, तुरंत पुलिस को सूचना दें।

मामला सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वही आरोपी की लोकेशन और डिजिटल फुटप्रिंट्स खंगाले जा रहे हैं। साथ ही आईटी एक्ट और बाल संरक्षण कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की तैयारी है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

सोमवार 16 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े। बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की तथा निराकरण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार सी एम हेल्प लाईन प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्ता युक्त निराकरण के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने जिलेवार रैंकिंग तथा समाधान में चयनित शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार लंबित सीमांकन, बटवारे, नामांतरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों का अवलोकन कर सभी प्रकरणों का तय समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने आगामी ग्रीष्म ऋतु में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम पेयजल आपूर्ति को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जलनिगम के साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना

## लालबर्रा के साथ सौतेला व्यवहार क्यों? प्रस्तावित सूची से नाम गायब होने पर उठे सवाल

राष्ट्रबाण | लालबर्रा | संवाददाता | rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना को लेकर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। हाल ही में जिला पंचायत बालाघाट द्वारा जारी की गई सामूहिक विवाह की प्रस्तावित तिथियों की सूची में जनपद पंचायत लालबर्रा का नाम न होने से क्षेत्र के गरीब परिवारों और पात्र हितग्राहियों में भारी आक्रोश और निराशा है।

### विवादों का साया या प्रशासनिक अनदेखी

क्षेत्रीय चर्चाओं की मानें तो प्रशासन शायद पिछले वर्ष सामूहिक विवाह के दौरान हुए विवादों को अब तक भुला नहीं पाया है। जानकारों का कहना है कि यही मुख्य कारण हो सकता है कि इस वर्ष की प्रस्तावित सूची से लालबर्रा को बाहर रखा गया है। सवाल यह उठता है कि क्या पिछले विवादों की सजा उन गरीब बेटियों को मिलनी चाहिए जो अपनी शादी के लिए सरकारी सहायता की उम्मीद लगाए बैठी हैं।



### सत्ता के समीकरण के बावजूद उपेक्षा

हैरानी की बात यह है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है और लालबर्रा जनपद पंचायत में भी भाजपा का ही वर्चस्व है। डबल इंजन और ट्रिपल इंजन सरकार के दावों के बीच लालबर्रा का इस महत्वपूर्ण योजना से वंचित रहना स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक तालमेल पर बड़े सवाल खड़े करता है।

### सूची में भेदभाव पर जनता का आक्रोश

जिला प्रशासन द्वारा जारी पत्र (क्रमांक 61/मु.क.यो./2026) में केवल चार जनपदों—कटंगी, बैहर, बिरसा और परसवाड़ा—के लिए मार्च और अप्रैल की तिथियां तय की गई हैं। जबकि खैरलांजी में 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह संपन्न हो चुका है। ऐसे में लालबर्रा के हितग्राहियों का सवाल है कि उनके साथ यह भेदभाव क्यों?

### हितग्राहियों की बढ़ती चिंता

शादियों का सीजन नजदीक है, लेकिन लालबर्रा में तिथि घोषित न होने से कई परिवारों का भविष्य अधर में लटका है। यदि प्रशासन जल्द ही लालबर्रा के लिए भी तिथि निर्धारित नहीं करता है, तो हितग्राहियों को अन्य जनपदों के चक्कर काटने पड़ेंगे या फिर वे इस योजना के लाभ से पूरी तरह वंचित रह जाएंगे।

### इनका कहना हैं

प्रशासन को चाहिए कि वह पूरे जिले की सभी जनपद पंचायतों के लिए सामूहिक विवाह की तिथियां एक साथ जारी करे, ताकि गरीब परिवारों को अपने ही क्षेत्र में योजना का लाभ मिल सके और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**ओमप्रकाश बिसेन**
**सरपंच प्रतिनिधि औल्याकंहार**

## हायरसेकेण्डरी संस्कृत परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

राष्ट्रबाण | सिवनी | संवाददाता | rashtrabaan.in

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायरसेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर 10 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 16 फरवरी 2026 को हायरसेकेण्डरी परीक्षा का विषय संस्कृत जिले के 41 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया गया। इस परीक्षा में कुल 1331 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 1308 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 23 अनुपस्थित रहे वहीं परीक्षा के दौरान नकल निरंक पाया गया। परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के मार्गदर्शन में संदीप ठाकुर एवं शिवम यादव ई-गवर्नेंस सिवनी तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से बी.डी. नोगधे एवं अय्यूब खान द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों की जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे, सहायक संचालक आर.पी. पाटिल, प्राचार्य मती सुनीता ओसवाल एवं मती प्रतिक्षा मानगडे जिलास्तरीय निरीक्षण दल में शामिल रहे।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग



संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध



संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

ARPIT TVS
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
7898723789
Infront of Reliance Petrol-pump, Jabalpur Road, Jyarat Naka, Seoni 480661 (M.P)



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433